RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 295 | नागौर, 02 अक्टूबर, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition




## 130 करोड़

### भारतवासियों को 5जी के तौर पर एक शानदार उपहार

# 5जी अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत

## पीएम मोदी बोले- टेलीकॉम टेक्नोलॉजी में Global Standard तय कर रहा भारत




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश में 5 जी की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश की ओर से, देश की टेलीकॉम इंडस्ट्री की ओर से, 130 करोड़ भारतवासियों को 5जी के तौर पर एक शानदार उपहार मिल रहा है। 5जी, देश के द्वार पर नए दौर की दस्तक है। 5जी, अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत है। मैं प्रत्येक भारतवासी को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज 21वीं सदी के विकसित होते भारत के सामर्थ्य का, उस सामर्थ्य को देखने का एक विशेष दिवस है। आजादी के अमृत महोत्सव के इस ऐतिहासिक कालखंड में 1 अक्टूबर 2022, ये तारीख इतिहास में दर्ज होने वाली है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं रहेगा। न्यू इंडिया प्रौद्योगिकी के विकास और कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य की तार रहित टेक्नोलॉजी को डिजाईन करने में, उस से जुड़ी उत्पादन में भारत की बड़ी भूमिका होगी। मोदी ने कहा कि 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नोलॉजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा। लेकिन 5जी के साथ भारत ने नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि 5जी के साथ भारत पहली बार टेलीकॉम टेक्नॉलजी में वैश्विक मानक तय कर रहा है। भारत लीड कर रहा है। आज इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाला हर व्यक्ति इस बात को समझ रहा है कि 5जी, इंटरनेट का पूरा आर्टिटेक्चर बदल कर रख देगा।

मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया की बात करते हैं तो कुछ लोग समझते हैं ये सिर्फ एक सरकारी योजना है। लेकिन डिजिटल इंडिया सिर्फ एक नाम नहीं है, ये देश के विकास का बहुत बड़ा विजन है। उन्होंने कहा कि इस विजन का लक्ष्य है उस टेक्नॉलजी को आम लोगों तक पहुंचाना, जो लोगों के लिए काम करे, लोगों के साथ जुड़कर काम करे। उन्होंने कहा कि 2014 में शून्य मोबाइल फोन के निर्यात से लेकर अब तक, जब हम हजारों करोड़ रुपये के फोन निर्यात करते हैं... इन प्रयासों से डिवाइस की लागत पर असर पड़ा है। अब हमें कम कीमत में ज्यादा फीचर मिलने लगे हैं। मोदी ने दावा किया कि हमने 4 स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया। 1 – डिवाइस की लागत, 2 – डिजिटल कनेक्टिविटी, 3 – डेटा की कीमत, 4 – डिजिटल फर्स्ट का विचार।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे सरकार ने घर–घर बिजली पहुंचाने की मुहिम शुरू की, जैसे हर घर जल अभियान के जरिए हर किसी तक साफ पानी पहुंचाने के मिशन पर काम किया, जैसे उज्ज्वला योजना के जरिए गरीब से गरीब आदमी के घर में भी गैस सिलेंडर पहुंचाया, वैसे ही हमारी सरकार ड्ढठ्ठह्लद्गह्लठ्ठद्गह्ल ढ्ढश्वह्ल ड्डद्बद्य के लक्ष्य पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एक वक्त था, जब इलीट क्लास के कुछ मुट्ठी भर लोग गरीब लोगों की क्षमता पर संदेह करते थे। उन्हें शक था कि गरीब लोग डिजिटल का मतलब भी नहीं समझ पाएंगे। लेकिन मुझे देश के सामान्य मानवी की समझ पर, उसके विवेक पर, उसके जिज्ञासु मन पर हमेशा भरोसा रहा है।



# 2 छात्राओं पर एसिड अटैक

## बाइक सवार ने 2 किमी. की दूरी पर किए दोनों हमले

**जयपुर।**

जयपुर में कोचिंग जा रही दो लड़कियों पर शनिवार को एसिड अटैक हुआ। बाइक सवार युवक ने दो किलोमीटर की दूरी पर दोनों छात्राओं पर अलग–अलग हमला किया। दोनों मामूली झुलसी हैं। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई हैं। लड़कियों ने बताया कि वे हमलावर को नहीं पहचानतीं। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। एक फुटेज में बाइक सवार भागता दिखा है।

### पहला हमला सवारिया रोड पर

पुलिस ने बताया कि सांगानेर सदर थाने इलाके में सवारिया रोड पर 19 साल की लड़की पैदल कोचिंग जा रही थी। बाइक सवार बदमाश पीछे से आया और उस पर एसिड फेंककर भाग गया। एसिड लड़की के बाएं कंधे पर गिरा, जिससे वह झुलस गई।

### 2 किमी. दूरी पर दूसरी लड़की पर अटैक

बाइक सवार ने दूसरा अटैक सवारिया रोड से 2किमी. दूर श्मशान के पास से लाइब्रेरी जा रही 22 साल की लड़की पर किया। छात्रा की पीठ पर एसिड गिरने से वह झुलस गई और चिल्लाने लगी।

### दोनों पीड़िताएं आरोपी को नहीं जानती

अब तक हुई पूछताछ में ये सामने आया कि दोनों ही लड़कियों को ऐसे किसी लड़के से पहचान नहीं है, जो उन पर हमला कर सकता है। दोनों ही लड़कियां वाटिका नगर में रहकर कॉम्पटीशन की तैयारी कर रही हैं।

### बाइक सवार बदमाश की तलाश

एसएचओ सांगानेर सदर ब्रजमोहन कविया का कहना है कि दो लड़कियों पर एसिड फेंका गया था। एसिड अटैक से दोनों मामूली झुलस गई थी। वाटिका के निजी हॉस्पिटल में इलाज करवाकर छुट्टी दे दी गई है। बाइक सवार ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। दोनों लड़कियां भी उसे नहीं पहचानती। कौनसा एसिड फेंका गया है, इसकी जानकारी के लिए स्नस्रु टीम को बुलाया गया है। बाइक सवार की तलाश कर रहे हैं।

# राजस्थान का हूं, अंतिम सांस तक सेवा करूंगा : गहलोत

**बीकानेर।**




मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को बीकानेर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा– मैं कहीं भी रहूं, राजस्थान का हूं, मारवाड़ का हूं, जोधपुर का हूं, महामंदिर का हूं, जहां मैं पैदा हुआ। मैं उससे कैसे दूर हो सकता हूं। जिंदगी के अंतिम सांस तक कहीं भी रहूं, सेवा करता रहूंगा। जो कहता हूं उसके कुछ मायने होते हैं। गहलोत ने स्पष्ट कर दिया कि वो राजस्थान छोड़कर कहीं जाने वाले नहीं है। उनके इस बयान को मुख्यमंत्री पद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। पहली बार गहलोत ने मारवाड़, जोधपुर और अपने गृह क्षेत्र महामंदिर तक से आत्मीयता जताते हुए बयान दिया है। गहलोत से जब मानेसर वालों को सजा देने का सवाल पूछा तो बातचीत को खत्म करते हुए नमस्कार करते हुए निकल गए। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। गहलोत ने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा– बार बार सरकार बदल देते हैं। मेरे अच्छे काम होते हैं। तब भी आप हवा में बह जाते हैं। एक बार कर्मचारी मेरे विरोध में हो गए थे। हमारा डायलॉग नहीं हो पाया था, नाराज हो गए थे। उन्होंने गांठ बांध ली थी।

# राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के 24वें दिन बारिश ने डाला व्यवधान

**गुंडलुपेट (कर्नाटक)।**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही ''भारत जोड़ो यात्रा'' इन दिनों कर्नाटक में है और बारिश के कारण शनिवार को इस यात्रा में विलंब हुआ। कर्नाटक में आज यात्रा का दूसरा दिन है और गुंडलूपेट में मूसलाधार बारिश की वजह से यात्रा बाधित हुई।

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के अनुसार, यात्रा शनिवार को चामराजनगर जिले के तोंडावाड़ी से सुबह साढ़े छह बजे आगे बढ़नी थी। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, ''भारत जोड़ो यात्रा अपने 24वें दिन बेगुर से सुबह साढ़े छह बजे शुरू होनी थी लेकिन बारिश के कारण इसमें विलंब हो गया है।

15 दिनों के अंतराल के बाद बारिश हुई और इससे किसानों को फायदा होगा। यह निश्चित रूप से वही है जिसके लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से यात्रा निकाली जा रही है।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को सुबह तमिलनाडु के गुडलुर से कर्नाटक के गुंडलूपेट पहुंचे। कर्नाटक में यात्रा 21 दिन में 511 किलोमीटर का सफर तय करेगी। कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई यह यात्रा 30 जनवरी 2023 को जम्मू में संपन्न होगी।

# जयपुर में एसीबी ट्रेप का पता चलते ही एसएचओ भागा

## केस मजबूत करने की एवज में मांगी रिश्वत, हेड कॉन्स्टेबल पकड़ा

**जयपुर।**

जयपुर एसीबी टीम ने घूसखोर हेड कॉन्स्टेबल को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने हेड कॉन्स्टेबल को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल केस मजबूत करने की एवज में जयपुर ग्रामीण के विराट नगर थानाधिकारी के लिए रिश्वत ले रहा था। एसीबी ट्रेप का पता चलने पर थानाधिकारी कैलाश चंद मीणा फरार हो गया। फरार थानाधिकारी की एसीबी टीम तलाश कर रही है।

एसीबी के डीजी बी.एल सोनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नरेश कुमार शर्मा पुत्र हनुमान सहाय शर्मा अलवर के थानागाजी का रहने वाला है। वह जयपुर ग्रामीण के विराट नगर थाने में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात था। थानाधिकारी कैलाश चंद मीणा ने हेड कॉन्स्टेबल नरेश को अपना रीडर लगा रखा था। एसीबी की जयपुर ग्रामीण टीम को शिकायत मिली।

शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी की ओर से विराट नगर थाने में एक केस दर्ज है। केस को मजबूत करने की एवज में विराट नगर थानाधिकारी कैलाश चंद मीणा रिश्वत की मांग कर रहे है। 20 हजार रुपए घूस मांगकर परेशान किया जा रहा है।

एसीबी ने ट्रेप का आयोजन कर शिकायत का सत्यापन करवाया। एसीबी टीम ने शनिवार सुबह घूस की रकम लेकर पीड़ित को भेजा। रिश्वत के 15 हजार रुपए लेते थानाधिकारी के रीडर हेड कॉन्स्टेबल नरेश कुमार शर्मा को एसीबी टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ट्रेप का पता चलने पर थानाधिकारी कैलाश चंद मीणा भाग निकला। एसीबी टीम फरार थानाधिकारी कैलाश चंद की तलाश कर रही है। एसीबी टीम आरोपियों के घर और अन्य ठिकानों पर सर्च कर रही है।

# सुप्रीम कोर्ट से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा कि दो बच्चों का नियम लागू करने का आदेश हम कैसे दे सकते हैं? कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने से इनकार करते हुए कहा कि आप बताइए कि इस कानून की जरूरत क्यों हैं? उसके बाद ही हम नोटिस देंगे। अब इस मामले की 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी। दरअसल, भाजपा नेता एवं वकील अश्विनी उपाध्याय, स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती और देवकीनंदन ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# स्त्री के हक में

अदालतों से इंसाफ एक स्वाभाविक अपेक्षा है और वहां से आए हर फैसले को इसी नजरिए से देखा जाता है। लेकिन कई बार कुछ मसले ऐसे होते हैं, जिन पर अदालत का रुख संबंधित मामले का निष्कर्ष तो होता है, मगर सामाजिक रूप से वह व्यापक महत्त्व का होता है और इसी क्रम में उसे ऐतिहासिक फैसले का भी दर्जा मिलता है। गुरुवार को गर्भपात के मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला दिया, वह देश की महिलाओं के संवैधानिक और मानवीय अधिकारों के लिहाज से क्रांतिकारी महत्त्व का साबित होगा और इस मुद्दे पर समाज के नजरिए में भी बदलाव का एक बड़ा वाहक बनेगा। आमतौर पर गर्भपात को लेकर पारंपरिक रूप से सामाजिक आग्रह यही रहा है कि इस मामले में विवाहित स्त्रियों को ही विशेष स्थितियों में गर्भ को हटाने का अधिकार होना चाहिए, जबकि अविवाहित महिलाओं के मामले में सामाजिक रुख संकीर्ण और विभाजित रहा है। इसके पीछे पारंपरिक रूढ़ियों से संचालित वैसे पूर्वाग्रह रहे हैं, जिनमें अविवाहित महिलाओं के अपने बारे में लिए जाने वाले निर्णय की स्वतंत्रता को समाज के ढांचे के लिए नुकसानदेह माना जाता है। अब सुप्रीम कोर्ट ने अलग-अलग पैमाने पर स्त्री का दोयम दर्जा तय करने वाली पितृसत्तात्मक मानसिकता से लेकर व्यवस्था तक को यह आईना दिखाने की कोशिश की है कि अगर समाज के सबसे अहम हिस्से की पीड़ा के प्रति पर्याप्त संवेदना नहीं है तो उसे वक्त के मुताबिक मानवीय, संवेदनशील और न्यायपरक बनाया जाना चाहिए। संबंधित मामले पर फैसला सुनाते हुए अदालत ने साफ लहजे में कहा कि सभी महिलाएं सुरक्षित और कानूनी गर्भपात की हकदार हैं। एमपीटी यानी गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम में 2021 का संशोधन विवाहित और अविवाहित महिलाओं के बीच भेदभाव नहीं करता है।

यों भी यह एक सामान्य समझ का मामला है कि अविवाहित अवस्था में किसी भी महिला के गर्भधारण के लिए अलग-अलग, विशेष और कई बार उनके खिलाफ त्रासद अपराध जैसी स्थितियां जिम्मेदार हो सकती हैं। बल्कि विवाहित महिलाओं के संदर्भ में अदालत ने अनचाहे गर्भ के लिए 'वैवाहिक बलात्कार' की स्थिति की भी चर्चा की। ऐसे में किसी महिला के सामने सुरक्षित तरीके से गर्भ को हटाना ही एकमात्र विकल्प हो सकता है। सिर्फ अविवाहित होने की वजह से उनके सहज जीवन के अधिकार को बाधित करना मानवीय नहीं कहा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में कहा कि गर्भपात के नियम को अगर केवल विवाहिता के लिए समझा जाता है तो यह इस रूढ़ि को कायम रखेगा कि यौन संबंध केवल विवाहित महिलाओं तक सीमित हैं। यह संवैधानिक रूप से टिकाऊ नहीं है और विवाहित और अविवाहित स्त्रियों के बीच कृत्रिम अंतर को कायम नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि इससे संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन होता है। वक्त के साथ समाज और जीवन के मानदंड भी बदलते हैं। मौजूदा समय में घर की दहलीज से पार स्त्रियों के कामकाज, जीवन और उनकी दुनिया का दायरा बड़ा हुआ है। ऐसे में पारंपरिक जड़ता में कैद सोच कई बार किसी सामाजिक हिस्से के मानव अधिकारों के खिलाफ भी हो सकती है। इसलिए अगर पूर्व में बनाए गए किसी कानून से बदले वक्त में समाज के कि हिस्से का जीवन और अधिकार बाधित होता है तो उसके प्रति नजरिए और नियम-कायदों में भी बदलाव आना चाहिए। इस संदर्भ में एक दिलचस्प तथ्य यह है कि एक ओर आधुनिक और विकसित कहे जाने वाले अमेरिका में महिलाओं के गर्भपात के अधिकार को हाल ही में सीमित कर दिया गया।

# आज भी प्रासंगिक हैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार

**दुनिया में शांति और सद्भाव बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है की विभिन्न देशों की आर्थिक असमानता और असन्तुलन को कम किया जाय। कई देशों में गरीबी, निरक्षरता, भुखमरी, कुपोषण और आर्थिक विषमता दिखाई देती है जो औपनिवेशिक शोषण का नतीजा है। इन देशों के हालातों में अगर सुधार नहीं किया गया तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक असन्तुलन पैदा होगा जो अशांति की वजह बन सकता है। आज के हिंसात्मक माहौल में न्याय, स्वतत्रता, समानता और भाईचारे की भावनाओं पर आधारित एक धर्मनिरपेक्ष तथा लोकतांत्रिक राष्ट्र अपना अस्तित्व कायम रख सकता है? गांधीवादी मूल्यों का अनुसरण करने से देश की मुश्किलें कम हो सकती हैं। गांधी पयार्वरण में आती गिरावट से बहुत व्यथित थे। उनका मानना था कि हमें पयार्वरण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उनका मानना था कि उद्योगों के विकास ने औद्योगिक सभ्यता पैदा की है जिसका एकमात्र विकल्प है ग्रामीण वातावरण। उनके अनुसार गांव बिना मशीनों के नहीं होंगे। वे गांव आधुनिक तकनीकि सम्पन्न होंगे।**

**युगपुरुष** महात्मा गांधी ने अपने विचारों से न केवल भारत को आजादी दिलायी बल्कि समाज में अनेक सुधार भी किए, तो आइए गांधी जयंती पर हम महान पुरुष के उन सिद्धांतों पर चर्चा करते हैं जिनकी आज भी प्रासंगिकता कायम है। गांधी विचारक, चिंतक, अर्थशास्त्री के साथ ही मानवता के प्रकाश-स्तम्भ, युगात्मा, युगदृष्टा और प्रेरणा स्रोत हैं। उनके विचार देश-काल में सीमित न होकर सीमाओं से परे है। आज उदारीकरण के प्रभाव से दुनिया के सभी देशों की अर्थव्यवस्था एक दूसरे से जुड़ी हुई है। इस तरह के माहौल में अपने देश के हितों की रक्षा गांधीवादी मूल्यों से ही सम्भव है। ग्लोबल विलेज और अधिकाधिक लाभ कमाने की संस्कृति में गांधी के अपरिग्रह का पालन उत्तम है। साम्प्रदायिकता कट्टरता और आतंकवाद के दौर में गांधी का धार्मिक सदभाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्यावरण के मुद्दे पर गांधी सजग नजर आते हैं, उनका मानना है कि अंधाधुंध शहरीकरण हमारे वातावरण को दूषित कर रहा है। वह कुशल और आत्मनिर्भर गांवों की स्थापना की बात करते हैं। वे स्वदेशी को प्राथमिकता देते थे, उनका मानना था कि स्वदेशी से हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकता है। गांधी गांव और शहर के बीच एक संतुलन स्थापित करने की बात करते हैं। गांधी अहिंसा को प्राथमिकता देते थे। उनका मानना था कि अहिंसक व्यक्ति कभी भी प्रकृति पर विजय प्राप्त करने की नहीं सोचता। अहिंसक व्यक्ति प्रकृति से सदैव सामंजस्य स्थापित कर लेता है। वह कभी भी प्राकृतिक संसाधनों का दोहन नहीं करता,साथ ही प्रकृति और परिवेश के साथ भावात्मक रिश्ता बनाता है। मनुष्य को यंत्रों पर इतना अधिक आश्रित नहीं होना चाहिए कि वह प्रकृति से ही दूर चला जाए।

गांधी महिलाओं की शिक्षा के समर्थक थे। उनका मानना था कि प्राथमिक शिक्षा तो स्त्री और पुरुष दोनों के लिए अनिवार्य है लेकिन उसके बाद महिलाओं को अलग तरह की शिक्षा देनी जानी चाहिए जिससे उन्हें अपना घर सम्भालने में आसानी हो। साथ ही वे महिलाएं अपने बालकों को भी पढ़ा-लिखा कर अच्छा नागरिक बना सके। यही नहीं गांधी बाल विवाह के विरोधी थे। सती प्रथा के भी विरोधी थे तथा इसे अमानवीय मानते थे। दहेज लेना और देना दोनों को गांधी अनुचित मानते थे। सभी सामाजिक बुराइयों का वह विरोध करते थे। गांधी समाज में अराजकता के विरोधी थे और वह समाज में इस तरह का माहौल चाहते थे जो रामराज्य के समान हो। समाज में भाईचारा और सौहार्द स्थापित करने के लिए आर्थिक समानता आवश्यक है। उनका मानना था कि व्यक्ति को अपनी आवश्यकताएं सीमित रखनी चाहिए और उसी में अधिकतम संतुष्टि प्राप्ति करनी चाहिए तभी समाज में समानता स्थापित होगी। उनका मानना था कि व्यक्ति की अर्जित करने की प्रवृति कम हो और निर्धनता की पद्धति अपनाएं तभी समाज में सुधार होगा।



वे विक्रेन्द्रित आर्थिक संगठन का समर्थन करते हैं जिससे न्यायोचित वितरण हो सके। समाज में न्यायोचित वितरण के कारण समाज में व्याप्त अनेक बुराइयों जैसे बेरोजगारी, शहरीकरण और नैतिक अवनति का भी अंत होता है। गांधी का प्रयास था कि शोषण-विहीन समाज की स्थापना हो। उनके अनुसार प्राथमिक शिक्षा जरुरी है। वे एक शिक्षाशास्त्री के रूप में मशहूर रहे हैं। भारतीय जीवन शैली को देखते हुए उन्होंने ऐसी शिक्षा प्रणाली प्रस्तुत की जिसने भारतीय जन-जीवन में प्राण फूंक दिए। उनकी शिक्षा प्रणाली में बालकों और बालिकाओं को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान था। आजकल बेरोजगारी आम समस्या बनकर उभरी है। गांधी मानते हैं कि सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए न केवल आर्थिक ढांचे में बदलाव आवश्यक है बल्कि मानव स्वभाव में परिवर्तन जरूरी है। इसके लिए गांधी सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रहचर्य के अनुसरण का भी प्रतिपादन करते हैं। दुनिया में कई आंदोलन हुए जो गांधी के आदर्शों से प्रेरित थे। विश्व शांति को कायम रखने के लिए और विश्व व्यापार संगठन के खिलाफ भी सत्याग्रह किया जो सफल रहा। आज कई देश में अपनी समस्याओं को खत्म करने के लिए सत्याग्रह अपना रहे हैं। गांधी अहिंसा के समर्थक थे। वे हिंसा और हिंसात्मक गतिविधियों का विरोध करते थे। वे मानते थे कि आधुनिक सभ्यता का उद्भव केवल हिंसक साधनों का प्रयोग करने के कारण हुआ है।

गांधी शांतिपूर्ण रवैया अपनाकर आजादी पाना चाहते थे। गांधी का शांतिपूर्ण आंदोलन न केवल उनका बल्कि भारतीय सभ्यता की भी विशिष्टता है। वे हिंसात्मक प्रयोगों और उग्रवाद से दूर रहते थे और देश के युवाओं को दूर रहने की सलाह देते थे। गांधी मानते हैं कि स्वराज्य की प्राप्ति सत्याग्रह से सम्भव है। लेकिन इसके लिए कुछ सदगुणों का पालन करना चाहिए। उन्होंने अपने सत्याग्रह आंदोलन में कई तरह के रचनात्मक आंदोलनों को जोड़ा।

## व्यापार समाचार

# सरसों, सोयाबीन तेल, तिलहन, सीपीओ पामोलीन तेल की कीमतों में सुधार

नई दिल्ली।

एक निश्चित मात्रा (सालाना 20-20 लाख टन सूरजमुखी और सोयाबीन तेल) में शुल्क-मुक्त आयात की छूट के बाद बाकी आयात प्रभावित होने से उत्पन्न आपूर्ति कम होने के कारण दिल्ली तेल- तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, सोयाबीन तेल तिलहन तथा कच्चे पामतेल (सीपीओ), पामोलीन के साथ-साथ सरसों तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिला। वहीं मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के भाव पूर्व-स्तर पर बने रहे। बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सरकार ने खाद्यतेल प्रसंस्करणकर्ताओं (जो ग्राहकों को आपूर्ति करने के लिए आयात करते हैं) को अगले दो साल तक सालाना 20-20 लाख टन सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का शुल्क-मुक्त आयात करने की छूट दी है। इसके बाद होने वाले आयात पर आयातकों को




सात रुपये प्रति किलो के हिसाब से शुल्क अदा करना होगा। लेकिन कोटा वाले सस्ते आयातित तेल के मुकाबले बाकी आयातित तेलों के महंगा और गैर-प्रतिस्पर्धी होने के कारण आयातक नये सौदे नहीं खरीद रहे हैं। इसकी वजह से खाद्य तेलों में कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की स्थिति पैदा हो गई है और लगभग सभी खाद्य तेल सस्ता होने के बजाय महंगे हो गये हैं।

# भारती एयरटेल ने आठ शहरों में 5जी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल शनिवार से देश के आठ शहरों में 5जी दूरसंचार सेवाएं शुरू करने जा रही है और कंपनी की मार्च 2024 तक पूरे देश में ये सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना है। भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने यह जानकारी दी। मित्तल ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, "आज जब आप (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) 5जी सेवा की शुरुआत करेंगे तो उसके बाद एयरटेल की 5जी सेवा दिल्ली, मुंबई, वाराणसी, बेंगलुरु समेत आठ शहरों में शुरू हो जाएगी।" मित्तल ने कहा कि देश का सबसे पुराना निजी दूरसंचार ऑपरेटर भारती एयरटेल आठ शहरों में 5जी मोबाइल सेवाएं शुरू कर रहा है और मार्च 2023 तक देश के ज्यादातर हिस्सों तथा मार्च 2024 तक पूरे देश में ये सेवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।




## आज का राशिफल

### मेष
आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

### वृषभ
आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

### मिथुन
सार्वजनिक जीवन में यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापारी व्यापार को बढ़ाने के लिए काम कर सकेंगे। आकस्मिक धन लाभ और विदेश से समाचार मिलेगा। आज आप का दिन बहुत अच्छा गुजरने वाला है।

### कर्क
घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेगा। खर्च होगा, लेकिन वह निरर्थक नहीं होगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। काम में यश की प्राप्ति होगी। मित्रों से मुलाकात होगी।

### सिंह
रुके हुए काम आसानी से बन पाएंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। व्यर्थ उग्रता को टालें, नहीं तो काम बिगड़ सकता है। साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

### कन्या
दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से मनमुटाव होगा।

### तुला
नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। घर में किसी से विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। जमीन, मकान तथा वाहन आदि दस्तावेजी कामों में सावधानी रखें।

### वृश्चिक
आज किसी भी काम की नई शुरुआत कर सकते हैं। आपको काम में सफलता मिलेगी। आप विरोधियों को भी परास्त कर सकेंगे। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। आर्थिक लाभ भी होगा।

### धनु
अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना उचित होगा।

### मकर
तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। आर्थिक लाभ होगा। शुभ अवसर पर बाहर जाना होगा।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दु:खी रहेगा। परिणाम स्वरूप आप मानसिक रूप से भी परेशान रहेंगे। क्रोध पर अंकुश रखें।

### मीन
नौकरी-धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शादी योग्य युवक-युवतियों की वैवाहिक समस्या हल होगी।

## आदर्श नवरात्रा महोत्सव

# आदर्श महाविद्यालय व आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गरबा व डांडिया से बांधा समा





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आदर्श शिक्षण संस्थान कुचामनसिटी द्वारा आदर्श नवरात्रा महोत्सव के तहत रंगारंग गरबा डांडिया नृत्यों की प्रस्तुतियों से बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आदर्श नवरात्रा महोत्सव का शुभारंभ मां नव दुर्गा की आरती से हुआ मां नव दुर्गा की आरती डॉ. राजाराम प्रजापति, प्रबंध निदेशक, आदर्श शिक्षण संस्थान, योगेश कुमार जाखड़, निदेशक, डॉ. गौरीशंकर निमिवाल, प्राचार्य, आनंद कुमार वैष्णव, प्रधानाचार्य, आदर्श इंटरनेशनल स्कूल, बाबूलाल शर्मा, सुरेंद्र डोडवाड़िया, अध्यक्ष ग्राम सहकारी समिति हिराणी, श्रीमती मुन्नीदेवी प्रजापत, श्रीमती ज्योति जाखड़ ने आरती कर आदर्श नवरात्रा महोत्सव की शुरुआत की। गरबा व डांडिया नृत्य के निर्णायक के रूप में कोरियोग्राफर मोहित प्रजापति, किशोर कुमार भाटी, असराज ने भूमिका निभाई।

### लोकगीतों पर खनकाए डांडिये

इस अवसर पर गुजराती व राजस्थानी लोकगीतों पर 'रमती आवै माड़ी चोघाड़ा', ढोलीड़ा, पंछिड़ा, गीतों पर आदर्श महाविद्यालय व आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गरबा व डांडिया नृत्य कर समा बांध दिया।

आदर्श गरबा महोत्सव में चंचल कसेरा, सुमन चौधरी, इंद्रा बुगालिया, अश्विनी यादव, अनिल सैन, मुकेश ढाका, निशिकांत छिपा, कुन्नाराम बेड़ा, राजीव शुक्ला, कृष्णा कुमावत, सुनीता निमिवाल, कंचन कँवर, मंजु चौधरी, पूनम कँवर, विपुल भटेजा, प्रदीप दाधीच, आकाश पारीक, देव गुर्जर, दीपा कुमावत, अनीता शर्मा, सुलोचना, सरोज मेघवाल, अनीता



सैन रजनी सैनी, पूजा कुमावत, निकिता सैन, नयूम नागौरी, अपर्णा जोशी, विष्णु माहेश्वरी, राजू देवी, कैलाशचंद, मुन्नालाल सहित कुचामनसिटी के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, आगंतुकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अल्पाहार व मां दुर्गा का प्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव का संचालन आनंद कुमार वैष्णव, मोनिका मेघवाल, आरती गुज्जर ने संयुक्त रूप से किया। आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौरीशंकर निमिवाल ने महोत्सव के अंत में अतिथियों अभिभावकों छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# एकलव्य स्कूल में दो दिवसीय नवरात्रा महोत्सव के तहत डांडिया व गरबा पर थिरके छात्र-छात्राएं



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के स्टेशन रोड स्थित एकलव्य एकेडमी सीनियर सैकंडरी स्कूल में नवरात्रा महोत्सव के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का शनिवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ।

शुक्रवार से आयोजित हुए कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक अक्षय जोशी, व्यवस्थापिका सारिका जोशी, कार्यक्रम प्रभारी लोकेंद्र जोशी, प्रधानाचार्य मूलचंद शास्त्री ने माता जी की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम प्रभारी लोकेंद्र ने बताया कि विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गरबा व डांडिया नृत्य पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। शुक्रवार व शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गरबा एवं डांडिया नृत्य पर जमकर थिरके। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ।

### छात्राओं ने किया मनमोहन नृत्य

जोशी ने बताया कि शुक्रवार को कक्षा नर्सरी से पांचवी तक तथा शनिवार को कक्षा छह से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने गरबा एवं डांडिया में भाग लिया। छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में स्थापित माता के दरबार के सम्मुख मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नरपत सिंह, अकील खान, पल्लवी राठौड़, अनीता राठौर, भवानी सिंह, सुनील आचार्य, नीता कुमावत सहित स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पारितोषित वितरित किए गए।

# जिन घरों में बुजूर्ग मौजूद वे परिवार सौभाग्यशाली हैं : रूणिजा

## नोबल स्कूल में मनाया अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस व गांधी-शास्त्री जयन्ती

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नोबल सीनियर सैकण्डरी स्कूल कुचामनसिटी प्रांगण में महात्मा गांधी व लाल बहादूर शास्त्री की जयन्ती के साथ अन्तर्राष्ट्रीय वृद्वजन दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुवंत सिंह अधिवक्ता के साथ संस्था के डायरेक्टर दलपतसिंह रूणिजा, संस्था प्रधान सतवन्त सिंह चैधरी व उपप्रधानाचार्य कमलकिशोर शर्मा मंचासीन रहे। संस्था निदेशक रूणिजा व प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का शॉल व श्रीफल भेंट करके स्वागत करते हुए रूणिजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे परिवार सौभाग्यशाली है जिसके घर में बुजूर्ग या वृद्धजन मौजूद है तथा परिवार



उनके साथ है। वृद्धजनों की दुआएं दवा से कई बढ़कर काम आती है। मुख्यअतिथि अधिवक्ता राठौड़ ने कहा कि लालबहादुर शास्त्री व गांधीजी के राष्ट्र के प्रति योगदान को सदैव याद रखना चाहिए तथा उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

### बुजूर्गों के अनुभव का लाभ नहीं मिलने से संस्कारहीन होते जा रहे हैं बच्चे : सतवंतसिंह

संस्था प्रधान सतवंतसिंह ने इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए गांधीजी के जीवन से सम्बन्धित चर्चा की तथा वर्तमान पीढ़ी में परिवार से अलगाव होने की प्रवृति से आज के विद्यार्थियों को बड़ो का आशीर्वाद व ज्ञान दोनो से वंचित होना पड़ा है तथा बड़े बुजूर्ग के पास जो ज्ञान व अनुभव है उसका लाभ आज के बच्चों को नहीं मिलता है। इससे बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे है। उपप्रधानाचार्य कमलकिशोर शर्मा ने अपने उद्बबोधन में कहा कि वर्तमान परिवेश में बड़े-बुर्जुगों की स्थिति दयनीय है क्यों कि वृद्वा अवस्था में व्यक्ति शारीरिक कमजोरी के साथ साथ मानसिक रूप से क्षीण हो जाता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शाला के नरेन्द्रसिंह शेखावत, विजयकुमार पाण्डेय, नरेन्द्रसिंह चौहान, सुरेन्द्र सारस्वत, कैलाश वर्मा, अमरीशशाही, पदमाराम, गजानंद शर्मा, ओमप्रकाश जादू, अमित भारद्वाज, एम .एल शर्मा, मंयेक अग्रवाल, रणवीर सिंह, विनोदसिंह, मोसिम, वजिया उस्मानी के अलावा अन्य स्टॉफगण, अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचलन कमलकिशोर शर्मा ने किया।




# डेगाना विधानसभा में 4 सालों से विकास का पहिया रूका : किलक



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** एमपी हवेली में भाजपा नेता व पूर्व मंत्री अजय सिंह किलक के नेतृत्व में शनिवार को डेगाना विधानसभा स्तरीय जनसुनवाई की गई। इस जनसुनवाई मे भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। किलक ने पिछले दिनो बारिश के खराब हुई फसलों को लेकर चिंता व्यक्त की ओर किसानों को राजस्थान सरकार से मुवाअजा दिलवाने के लिये हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान किलक ने कहा की डेगाना मे विकास के कार्यो को लेकर कांग्रेस सरकार पूरी तरह से विफल रही हे डेगाना में ना तो नगरपालिका अपना कार्य ईमानदारी से कर रही ओर ना ही अधिकारी। डेगाना में सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका पूरी तरह विफल रही है। अधिकारियों ओर ठेकेदारो की मिलीभगत से शहर मे घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर के कार्य किये जा रहे हे। हाईवे से लेकर गली मोहल्ले मे बनने वाली सड़के दो माह मे ही टुट रही हे ओर कंकरी पत्थर निकल कर बाहर आ रहे हे।

### पानी-बिजली, सड़क, चिकित्सा व शिक्षा में डेगाना पिछड़ा

किलक ने कहा की डेगाना में विकास के कार्यो को लेकर हालात बेहद चिंताजनक है। बिजली, पानी, सडक, चिकत्सा, शिक्षा के क्षेत्र में डेगाना मिर्धा सरकार के राज में पिछड़ चुका है। अधिकारी अपनी मर्जी के मालिक बन गये हे आमजनता के फोन तक नही उठाते हे काम करना तो दुर की बात हे जिस से आम जन परेशान व हताश होकर इधर उधर भटकने पर मजबूर हो जाता हे। आगामी 23 के चुनावो मे डेगाना विधानसभा क्षेत्र की जनता अपना मानस बना चुकी हे जिसके चलते पुर्व मंत्री अजय सिंह किलक के नेतृत्व में भाजपा की विजय निश्चित है।

### -ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शयामलाल शर्मा, हरिराम पुनिया, दशरथ सिंह शेखावत, बाबूसिंह बंवरला, भंवरसिंह राठौर, भंवर लाल धोजक, प्रतिपक्ष नेता रामचंद्र डूडी, कैलाश राठी, पर्वत सिंह, हाजी कमरूदीन, पार्षद सीताराम कटारिया, जगदीश तिवारी, मनीषा बिन्दा, रामकिशोर रॉयल, सनित कुमार, प्रकाश बेगड़, भवानी सिंह, सुभाष टेलर, चेनाराम कुलरिया, कमल चौहान, रणजीत डूडी, माणक तोषनीवाल सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम काबरा रक्तदाता सम्मान से सम्मानित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में आयोजित अजमेर संभाग स्तर के रक्तदाता सम्मान समारोह में लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष लॉयन राम काबरा को 45 बार रक्तदान करने एवं रक्तदान शिविरों का माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की युवा पीढ़ी में रक्तदान के प्रति अलख जगाने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जेएलएन चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. नीरज गुप्ता एवं आईएचटीएम विभाग अध्यक्ष डॉ. जी.सी. मीणा ने लॉयन राम काबरा



को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। लॉयन राम काबरा ने बताया रक्तदान करना मानव जीवन बचाने का पुनीत कार्य तो है ही साथ ही नियमित रूप से रक्तदान करने पर हार्ट अटैक एवं कैंसर जैसी बीमारियो का खतरा कम हो जाता है एवं नये ब्लड सेल्स बनने से शरीर मे स्फूर्ति आती है इतने फायदे एवं मानव जीवन बचाने का पुण्य अन्य किसी दान में नहीं है सिर्फ रक्तदान में ही है। इसी को महसूस करते हुए मैं नियमित रूप से साल में तीन बार रक्तदान करता हूं। कार्यक्रम में डॉ शशिभूषण, लॉयन्स क्लब अजमेर आस्था के अध्यक्ष घेवरचंद नाहर, मुकेश कर्णावट, गंगासिंह, भरत शर्मा सहित रक्तदाता एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मदद फाउंडेशन को मिला राजस्थान सेवा रत्न अवार्ड-2022



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** विश्व सेवा परिषद द्वारा 30 सितम्बर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर मे समाज सेवा मे अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था मदद फाउण्डेशन संस्थान को राजस्थान सेवा रत्न अवार्ड से नवाजा गया। मदद फाउंडेशन संस्थान के सदस्य श्रवण सिंह रोहिणा ने बताया की नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मदद फाउंडेशन को यह अवार्ड कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल के गृहमंत्री के हाथो दिया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से अवार्ड लेने के श्रवण सिंह रोहिणा, एडमिन सदस्य गणपत सिंह गांवडी, दिलीप सिंह सफेड़; शिम्भुसिंह सफेड़; सक्रिय सदस्य अजयसिंह चौसला व जीतु सिंह रोहिणा उपस्थित रहे। राष्टीय स्तर पर सम्मानित होने पर टीम के सभी सदस्यों के एक-दूसरे को बधाइयां देकर खुशी जाहिर की। एडमिन सदस्य गणपत सिंह गांवडी ने कहा की यह सम्मान उन सभी सदस्यो का है जो निस्वार्थ भाव से समाज के प्रति समर्पित होकर समाज के लिए हमेशा मदद फाउण्डेशन के साथ मिलकर कार्य करते है।

# दायमखानी को निकाह पढ़ाने की स्वीकृति मिली

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** दारूल उलूम गुलशने मुस्तफ़ा के संचालक रोशन खान दायमखानी को ग़ौसे आज़म फाउंडेशन की ओर से लाडनूं शहर में निकाह पढ़ाने के लिए नियुक्ति प्रदान की गई है। इससे पूर्व लाडनूँ में सैय्यद मुहम्मद मदनी अशरफी, सैय्यद मुहम्मद अली अशरफी व शेख मोहम्मद साबिर सल्फी निकाह पढ़ाने का काम अंजाम दे रहे थे। दायमखानी की नियुक्ति से कायमखानी जाति से पहले काजी बन गए हैं। ग़ौसे आज़म फाउंडेशन के चेयरमैन मौलाना सैफुल्लाह ख़ां के अनुसार जीएएफ़ सरकार व नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है। फाउंडेशन द्वारा क़ानूनी व शरई तौर पर दायमखानी को निकाह पढ़ाने के लिए वैध घोषित किया है। काजी की नियुक्ति मिलने पर मुबारकबाद देने वालों का तांता बंध गया।

# घटिया सड़क निर्माण की जांच के लिए भगतसिंह यूथ ब्रिगेड ने लिखा पत्र



### भगतसिंह यूथ ब्रिगेड व भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में तहसील कार्यालय से डीडवाना बाईपास तक बनी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने से निर्माण के कुछ ही दिनों बाद सड़क जगह-जगह से टूट कर जर्जर होने लगी है। सड़क निर्माण के नाम पर सरकारी राशि की हो रही लूट से लोगों में आक्रोश है। भगत सिंह यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया, तहसील अध्यक्ष झूमरमल बिजारणिया और सीपीआईएम सचिव अब्बास खान ने सरकार को पत्र लिखकर इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। जानकारी के लिए बता दें कि शहरी क्षेत्र के अंतर्गत तहसील कार्यालय से डीडवाना बाईपास तक लाखों की लागत से बनी सड़क महज एक पकवाड़ा भी नहीं टिक पाई और टूटकर जर्जर होने लगी है विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से किए घटिया कार्य से लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। सरकार विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने के दावे तो करती रहती है लेकिन जिस तरह खासकर सड़क निर्माण में लगातार शिकायतें सामने आ रही है इसे सरकार की कथनी और करनी पर सवाल उठना लाजमी है। भगतसिंह यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया और झूमरमल बिजारणिया मौके पर पहुंचकर सड़क मार्ग का जायजा लिया और सार्वजनिक निर्माण मंत्री को पत्र लिखकर उपखंड अधिकारी को सौपकर घटिया सड़क निर्माण की जांच करवाने की मांग की एक पत्र उपखंड अधिकारी को भी उपरोक्त सड़क पर बरती गई अनियमितताओं को लेकर सड़क की जांच करवाने के लिए सौंपा गया। इसी के साथ अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड कुचामनसिटी को भी पत्र सौंपकर इस मामले की जांच करवाने की मांग की है। सड़क निर्माण में बरती गई कमियों के बारे में सुधारने के लिए इस पत्र की प्रतिलिपि बाकायदा मुख्यमंत्री और प्रिंसिपल सेक्रेटरी सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर सचिवालय को भी डाक द्वारा भेजी गई है।

# नायाब करिश्मे, हैरतंगेज कारनामें व सनसनीखेज जादू देखकर रोमांचित हो उठे दर्शक

## कुचामन में जादूगर सम्राट शाका के जादूई शो का हुआ भव्य शुभारम्भ

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी के स्टेशन रोड स्थित केसरकला मंदिर सिनेमा में जादूगर सम्राट शाका के शो का शनिवार को शाम 7 बजे फीता काटकर शुभारम्भ हुआ। इस दौरान नगर परिषद सभापति आसिफ खान मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक हरीशचन्द्र कुमावत ने की। उपसभापति हेमराज चावला विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मो. शकील, लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट अध्यक्ष राम काबरा, मनोज भारद्वाज, रफीक खान नेता, राजकुमार शर्मा, नवाब कलाल, अजहर खान, सलीम सम्मू छीपा, एडवोकेट दराब खान सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्धजन मौजूद रहे। मंच संचालन अरशद अख्तर कुरैशी ने किया। शो के आयोजक एम.एस. इवेन्ट एण्ड एन्टरटेनमेंट सीओ अजमेर के शबाना खान और मनवर खान ने बताया कि जादूगर का यह शो मात्र 15 दिन के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### 2 घंटे तक हुआ जोरदार मनोरंजन

जादूगर सम्राट शाका के जादूई शो देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। 2 घंटे के इस जादूई शो में दर्शकों ने कई नायाब करिश्मे, हैरतंगेज कारनामें और सनसनीखेज जादू देखे। आयोजकों ने बताया कि सोमवार से शनिवार रोजाना 2 शो पहला शाम 4 बजे व दूसरा शाम 7 बजे और रविवार को 3 शो पहला दोपहर 1 बजे, दूसरा शाम 4 बजे व तीसरा साँय 7 बजे आयोजित किया जाएगा।

# पांच मिनट की तूफानी बरसात ने खोली बिजली व्यवस्था की पोल

## दो दिन से शहर सहित गांवों में बिजली व्यवस्था चरमराई



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** दो दिन पहले डेगाना मे आये पांच मिनट के तूफान ने बिजली विभाग के कर्मचारियों की बिजली व्यवस्था को लेकर पोल खोल दी। बिजली विभाग द्वारा साल मे कई बार बिजली व्यवस्था सुचारु करने के लिये रखरखाव के नाम पर खानापूर्ति करती रही। इसकी पोल डेगाना में दो दिन पूर्व आये तुफान ने खोल दी। गुरुवार को साँय करीब 5 बजे आये पांच मिनट के तूफान मे बिजली पोल धराशाही हो गये जिसके कारण कही गांवो को पूरी रात अंधेरे मे गुजारनी पडी अगले दिन बिजली विभाग के कर्मचारियो द्वारा पोल को सही करवाने मे काफी मसकद करनी पडी लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी शनिवार को डेगाना मे दोपहर 3 बजे से कटोती की गई जो शाम 5:30 मिनट पर आई। वहीं दो दिनो से हर आधे घन्टे मे लाईट चार से पांच मिनट के लिये आंखमिचोली करती नजर आ रही हे।

# पटवारी बनने पर विद्यालय में जताई खुशी, दी विदाई



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदारुण के में चांदारुण निवासी रामदेव जाजुंदा का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनसुख राम चौधरी ने बताया कि रामदेव जाजुंदा जेसे ईमानदार और निष्ठा के साथ कार्य करने वाले बहुत कम लोग होते हैं विद्यालय समय से पूर्व विद्यालय की साफ सफाई करवाना कार्यालय की समस्त कार्यों को नियमित एवं समय पर पूर्ण करना करवाने के साथ रिक्त कालांश के समय कक्षा में जाकर बच्चों को गणित विषय का अध्ययन करवाना तथा छात्र छात्राओं का उचित मार्गदर्शन करते थे । 21-22 बोर्ड कक्षाओं के शत-प्रतिशत परिणाम में अहम भूमिका अदा की तथा स्वयं भी नियमित रूप से पढ़ाई करते थे इसी कारण आज पटवार परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया। पटवार चर्यनित हो जाने के कारण विद्यालय प्रांगण में विदाई समारोह कार्यक्रम में समस्त स्टाफ , छात्र-छात्राओं के द्वारा उनके सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चेनाराम, घनश्याम सिंह डोटोलाई, पुखराज गौड़ ,हिम्मत सिंह शेखावत, रिछपाल सिंह, साजिद अहमद, इलियास मोहम्मद खान, सरजू देवी, सरला देवी, पुष्पा गिरी, प्रज्ञारानी, ईश्वरीज्ञानचंदानी, माया देवी आदि मौजूद रहे।

# सैकड़ों भक्तों का जत्था माताजी-भेरुजी के दर्शन के लिए हुआ रवाना



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** जगदम्बा नवयुवक मण्डल सेवा समिति भोपा का बास के तत्वावधान में 300 वर्ष पुराने जीण माता मन्दिर से सैकड़ों भक्तों का जत्था माताजी-भेरुजी के दर्शन करने 13वीं पैदल यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा रवानगी के समय शिल्प माटी कला बोर्ड के चेयरमैन हरिश्चंद्र कुमावत, भाजपा नागोर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी गावड़िया, नागौर जिला परिषद सदस्य व कुमावत विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत पलाड़ा, खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन गोरुराम कुमावत, शिव मंदिर समस्त कुम्हारान पंचायत ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष भेरुराम धुमाणिया, भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह प्रेमपुरा, दुर्गेश मारोठिया, राजु घोडेला, सत्यनारायण जालवाल, हिरालाल कुसमिवाल, मुकेश सिघाटया, किशन, सीताराम सहित कुचामन के सैकड़ों कार्यकर्ता जगदम्बा नवयुवक मंडल सेवा समिति के पदाधिकारी सदस्य, सर्व समाज के गणमान्य नागरिक मातृशक्ति ने माता रानी के जयकारे के साथ पैदल यात्रा को रवाना किया।

# गांधी जयंती को लेकर विद्यालय में बच्चे बने महात्मा गांधी



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की श्री दिगंबर जैन विवेक सागर शिक्षण संस्थान में शनिवार को गांधी जयंती को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विचित्र वेशभूषा का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने महात्मा गांधी का वेश धारण कर महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए अभियान को लेकर अपील करते हुए कहा कि उस समय महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को भारत छोड़ने और विदेश जी वस्तुओं को त्यागने के लिए निवेदन किया था और अब स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंदगी को मिटाने का संकल्प लो। विद्यालय में बच्चों द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीरें बनाकर उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

# मेड़ता रोड में फिर हुई बाइक चोरी

## पहले हुई चोरियों का नहीं लगा सुराग

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन, पार्श्वनाथ मेला, रेलवे यार्ड सहित विभिन्न स्थानों से नौ हुई बाइकों का सुराग नहीं लगा है कि फिर रेलबस के पास से सडक़ से बाइक चोरी हो गई। जो सिविल पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ के लिए चुनौती बनता जा रहा है। मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन के पास सीसीटीवी कैमरों का अभाव व वाहन पार्किंग व्यवस्था नहीं होने का खमियाजा आमजन भुगतने को विवश है। रेलवे की लापरवाही आमजन पर भारी पड़ रही है। जबकि दो माह पूर्व महाप्रबंधक के निरीक्षण दौरान सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए निर्देशित किया गया था। मगर अब तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए है। इस कारण आए दिन बाइकें चोरी हो रही है। गत एक माह में नौ बाइकें चोरी हो चुकी है। जिसके जीआरपी व सिविल थाने में मामले दर्ज किए गए। बाकी बाइक चोरियों के बारे में अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। मेड़ता रोड में महाप्रबंधक व डीआरएम के आगमन पर ग्रामीणों के द्वारा सीसीटीवी कैमरे व वाहन पार्किंग व्यवस्था यानि ठेका करने के लिए ज्ञापन दिया गया था। मगर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# पिकअप ने बाईक को मारी टक्कर, सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

## हादसों का हब बन रहा कोर्ट चौराहा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** यहां नेशनल हाईवे सं. 58 पर एडीजे कोर्ट चौराहे के पास शुक्रवार रात्रि को हादसा हो गया, जिसमें बाईक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार अपनी बाईक लेकर घर की तरफ जा रहे पप्पूलाल जांगिड़ पुत्र चुनीलाल जांगिड़ निवासी लाडनूँ व उसकी पत्नी सोहनी देवी दोनो अपने घर की तरफ आ रहे थे। इस दौरान एडीजे कोर्ट के समीप एक पिकअप ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों की हालत गंभीर हो गई। लोगों की मदद से दोनों को लाडनूँ के राजकीय चिकित्सालय लाया गया, जहां इलाज के दौरान पप्पूलाल जांगिड़ की मौत हो गई वंही पत्नी सोहनी देवी को गंभीर होने से प्राथमिक उपचार के बाद हाई सेंटर के लिए रैफर कर दिया जिसकी शनिवार दोपहर को दौरान इलाज जयपुर में मौत हो गई। क्षेत्र के जागरूक लोगों का कहना हैं कि इस चौराहे पर आए दिन बड़े जानलेवा हादसे हो रहे हैं जिसमें कई लोग जान गंवा चुके मगर यहां सर्किल नहीं बनाया गया। यहां पास ही लाखो रुपये की लागत से सेल्फी पॉइंट बनाया गया है उससे ज्यादा जरूरी यहां चौराहे पर सर्किल बनाया जाता तो आमजन की जान बचाने में मददगार बनता।

# हार जीत जीवन के दो पहलू- राठौड़

## कबड्डी में लगाये दांवपेच- चम्मच रेस में बनाया संतुलन

सुनील सोनी

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की जीनियस स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के तहत दूसरे दिन के खेल आयोजित किये गये। शाला निदेशक लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि स्थानीय जीनियस स्कूल में आयोजित हो रही खेल प्रतियोगिताओं में शनिवार को दूसरे दिन के खेल आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत कबड्डी का फाइनल मुकाबला पराक्रम और वीरता दल के बीच खेला गया। जिसमें पराक्रम दल ने जीत हासिल की। साथ ही बालिकाओं की रस्साकशी का आयोजन किया गया। जिसमे जोर आजमाइश करते हुए फाइनल मुकाबला वीरता दल ने जीत लिया।सीनियर वर्ग क्रिकेट का फाइनल मुकाबला स्वाभिमान और वीरता दल के बीच खेला गया। जिसमें स्वाभिमान दल ने बाजी मारी। वही वन मिनट गेम के अंतर्गत टाई बांधने, बटन लगाने और सुई में धागा पिरोने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनमे विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया।

# ज्ञान सागर स्कूल में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया

## ड्रेस कम्पीटीशन व नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की ज्ञान सागर विद्या पब्लिक स्कूल में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के निदेशक मोहित सेठी ने बताया कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ड्रेस कम्पीटीशन तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गुजराती पोशाक पहनी जिसके बचे बहुत ही सुंदर लग रहे थे। बच्चों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रोग्राम को सफल बनाया। आयुषी काला ने बताया की इस प्रोग्राम में 9 बच्चियों को मां दुर्गा के स्वरूप में श्रृंगार किया। इस अवसर पर रचना राजोरिया ने बच्चो को बताया की मां भगवती की पूजा के लिए ये नौं दिन बहुत ही पावन और महत्वपूर्ण माने जाते हैं। मान्यता है कि इस समय मां दुर्गा पृथ्वी लोक पर विचरण करती हैं और अपने भक्तों की हर मनोकामना को पूर्ण करती हैं। इन नौं दिनों तक भक्त मां दुर्गा के नौं स्वरुपों का पूजन करते हैं। प्रथम दिन मां शैलपुत्री, द्वितीय मां ब्रह्मचारिणी, चतुर्थ मां चंद्रघंटा, पंचम स्कंद माता, षष्टम मां कात्यायनी, सप्तम मां कालरात्रि, अष्टम मां महागौरी, नवम मां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में स्नेहा गट्टानी, रवि राजोरिया, आयुषी काला, रंचना राजोरिया, गरिमा जैन, चाहिता जैन, कनक बियानी, अंजू, सुमन, कृष्णा, रितु, खुशबू, रिचा, अनुराधा, सुमित्रा उपस्थित रहे।

# रक्तदान के प्रति जागरूक करने पर शौकत अली भाटी हुए सम्मानित

सुशील दिवाकर



**मेड़ता सिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राष्ट्रीय स्वेच्छिक् रक्तदान दिवस पर जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में हुआ आयोजन इम्यूनोहिमेटोलॉजी ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर द्वारा राष्ट्रीय स्वेच्छिक् रक्तदान दिवस 1 अक्टूबर के उपलक्ष में स्वेच्छिक् रक्तदान पर एक दिवसीय कार्येशाला का आयोजन हुआ तथा स्वेच्छिक् रक्तदान शिविर के आयोजन कर पब्लिक को मोटिवेट करने रक्तदान के प्रति जागरूकता फ़ैलाने वालों का सम्मान किया गया । इस मौके पर ऑल मुस्लिम चेरिटेबल सोसायटी मेड़ता के संयोजक व ब्लड डोनेशन मोटिवेटर शौकत अली भाटी यूनिक को अपने क्षेत्र में रक्तदान शिविरों के आयोजन करवाने व रक्तदान के क्षेत्र में अनेक नवाचार करने तथा लोगों को जागरूक करने के लिए आई एच टी एम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जी सी मीणा, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ सुनील माथुर, जेएलएन अस्पताल के अधीक्षक डॉ नीरज गुप्ता, डॉ गीता पचौरी के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ! आपको बता दे कि यूनिक अध्यक्ष शौकत भाटी अपने जन्मदिन पर, शादी की सालगिरह पर, पूर्वजों की बरसी के मौक़े पर रक्तदान करते हैं तथा अब तक 41 बार स्वयं रक्तदान कर चुके है भाटी ने बताया कि वो सबसे पहले 1999 में 19 वर्ष की उम्र में मुंबई में पहली बार रक्तदान किया साथ ही मेरी मंशा है कि मैं कमसेकम 51 बार रक्तदान करू ! स्वेच्छिक् रक्तदान को लेकर आयोजित सेमिनार में डॉ शशिभूषण, डॉ रविकांत ने विस्तार से जानकारी देते हुवे रक्तदान का महत्व बताया इस मौके पर डॉ नसीम खान, काउंसलर गंगा सिंह, एडवोकेट दीपक सोनी व विभाग के अनेक चिकित्सक, ब्लड बैंक टीम के कर्मचारियों सहित अनेक स्वेच्छिक् रक्तदाताओं ने भाग लिया।

# रावण दहन को लेकर दशहरा मेला समिति की बैठक

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** रावण दहन को लेकर स्थानीय दशहरा मेला समिति की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में दशहरा मेला की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। समिति ने बताया कि दशहरा मेला मैदान में दशहरा पर्व पर 30 फ़ीट लम्बे रावण पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन होगा एव दशहरे मेले में झूले ओर मिठाई स्टॉल की लगेगी दुकानें लगेगी। बैठक में समिति के अम्बालाल पाराशर, रामकरण लोमरोड़, माणकचंद भाटी, रामस्वरूप काकाणी, रमेश चन्द्र काकाणी, श्यामसुंदर तापड़िया, रामानुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नगरपालिका ने रिहायसी इलाको में दी मोबाइल टावर लगाने की अनुमति, आमजन ने जताया विरोध

सुनील सोनी



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की गणेश कॉलोनी में इंडस कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाने का मोहल्लेवासियों ने विरोध किया, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस थाना से पुलिस ने पहुँचकर मोबाइल टावर लगाने का कार्य रुकवा दिया। इस संदर्भ में मोहल्लेवासियों का कहना है कि मोबाइल टावर की तरंगों से लोगों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलती हैं, इसलिए वह यहा टावर नहीं लगाने देंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश कॉलोनी में इंडस कंपनी का टावर लगाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही मोहल्ले के लोग पहुंच गए और टावर लगाने का विरोध किया। मोहल्लेवासियों ने वार्ड पार्षद राजूराम मुंदलिया को मौके पर बुलाया। जिस पर पार्षद भी मौके पर पहुचे और जानकारी लेकर टॉवर का कार्य बंद करने का कह दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर पड़ताल शुरू की। लेकिन जब लोगों ने विरोध किया तो उन्होंने टावर निर्माण का कार्य बंद करवा दिया। इधर मौजूद मोहल्लावासियों का कहना है कि मोबाइल टावर से निकलने वाली घातक किरणों से लोगों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती हैं। इसलिए वे इसका विरोध कर रहे हैं। वे किसी भी हालात में इस टावर का निर्माण नहीं होने देंगे। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नगरपालिका ने नियमो को ताक में रखकर बीच सड़क पर टावर लगाने की अनुमति दे दी है। नियमों के अनुसार अस्पताल व स्कूल के 100 मीटर की दूरी तक मोबाइल टावर नहीं लगाया जा सकता है। जबकि टावर लगाने वाली जगह से मात्र 50 मीटर की दूरी पर ही एक निजी स्कूल, एक सरकारी अस्पताल व दो निजी अस्पताल है। लेकिन नगरपालिका ने बिना किसी की सूचना या सहमति के ही स्वीकृति जारी कर दी।

### इनका कहना है

'मुझे इस बात की कोई जानकारी नही है कि सड़क के किनारे टॉवर लग रहा है, यदि आबादी क्षेत्र में टावर लग रहा है तो गलत है।

**रामनिवास दिवाकर, उपाध्यक्ष नगरपालिका**

आगे से आदेश आए थे कि 4जी का टॉवर लगाना है, जिसकी हमने अनुमति दे दी।

**ओमप्रकाश सेन - अध्यक्ष नगरपालिका, परबतसर**

बिना किसी आस पड़ोस के अनापत्ति प्रमाण पत्र के नगरपालिका द्वारा स्वीकृति जारी करना गलत है, जैसे ही नगरपालिका खुलेगी इस स्वीकृति को निरस्त करवा दिया जाएगा।

**राजूराम मूंदलिया - नेताप्रतिपक्ष**

# ईद-मिलाद-उल-नबी पर 9 अक्टूबर को होगा दूसरा सर्व समाज रक्तदान शिविर का आयोजन



## रक्तदान शिविर के बहुरंगी पोस्टर का किया गया विमोचन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के मदीना मस्जिद के पास स्थित मुस्लिम समाज भवन में 9 अक्टूबर को दुसरा सर्व समाज रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। जिसकी पूर्व तैयारी को लेकर शनिवार को पोस्टर विमोचन का आयोजन हुआ।

ईद मिलाद उल नबी पर्व के अवसर पर सर्व समाज की पहल पर आगामी 9 अक्टूबर को मूण्डवा में रक्तदान शिविर का आयोजन सर्व समाज रक्तदान शिविर के बैनर तले होने जा रहा है। इसमें ईद मिलाद उल नबी त्योंहार के अवसर पर मुस्लिम समाज युवा कमेटी ने अपनी ओर से पहल करते हुए बताया कि पिछले शिविरों की तरह इस बार भी सर्व समाज का साथ रहेगा। यह मूण्डवा शहर के मदीना मस्जिद के सामने, मुस्लिम समाज भवन में शिविर सुबह 10 बजे से 4 बजे तक लगेगा।

इस कार्य में नागौर की खिदमत ए खल्क युवा विकास समिति कागजी कार्यवाही में सहयोग करेगी और अपनी ओर से रक्तवीरों को प्रशंसा पत्र देगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी जन सहयोग से शहर में सर्व समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक हो चुका है। शिविर संयोजक अली मिस्त्री ने बताया कि शिविर का आयोजन मूण्डवा शहर के मदीना मस्जिद के सामने, मुस्लिम समाज भवन में दिनांक 9 अक्टूबर को होगा , जिसमे युवाओं ने 100 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा है ।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com